पहली बारिश में चेकडैम व पुलिया ध्वस्त

सांसद मद एवं 15वें वित्त से मंजूर थी राशि, चितरंगी जपं के घोघरा ग्राम पंचायत का मामला

नवभारत न्यूज

सिंगरौली 8 सितम्बर। पिछले तीन वर्षो के दौरान जिले में मुख्यमंत्री अवधोसंरचना एवं सांसद मद तथा 15वें वित्त से मंजूर राशि में व्यापक पैमाने पर भ्रष्टाचार करने के बू सामने आ रहे हैं। निर्माण कार्यो में व्यापक पैमाने पर अनियमितताएं की गई हैं।

इस तरह के सनसनीखेज मामला चितरंगी जनपद पंचायत क्षेत्र के ग्राम पंचायत घोघरा का आया है। जहां एक सीजन बारिश को लाखों कीमत के चेकडैम एवं पुलिया नही झेल पाई है। सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार जनपद पंचायत क्षेत्र चितरंगी के ग्राम पंचायत घोघरा में सांसद मद से चेकडैम के लिए 15 लाख रूपये की मंजूरी वित्तीय वर्ष 2025-26 में मिली थी, जहां क्रियान्वयन एजेंसी ग्राम पंचायत के द्वारा वित्तीय वर्ष में चेकडैम का निर्माण कार्य कराया गया, किंतु कई ग्रामीणों का आरोप है कि उक्त चेकडैम कमीशनखोरी के भेंट चढ़ गया और गुणवत्ता विहीन कार्य होने के कारण चेकडैम एक सीजन की बारिश को भी नही झेल पाया है। सूत्र तो यहां तक बता रहे हैं कि चेकडैम में सरिया यानी लोहे का इस्तेमाल नही किया गया है। हालांकि इसकी अधिकृत पुष्टि नही हुई है। निष्पक्ष जांच के बाद ही स्पष्ट हो पाएगा की उक्त कार्य में कहां पर गड़बड़ी हुई है और किस वजह से चेकडैम ध्वस्त हुआ। वहीं इसी पंचायत में करीब 8 लाख रूपये की लागत से एक नाला पर 15वें वित्त से पुलिया का निर्माण हुआ था और वह पुलिया भी इसी बारिश में क्षतिग्रस्त हो गई। ग्रामीणों का यह भी आरोप है कि उपयंत्री, सहायक यंत्री अपने दफ्तर में ही बैठक कर कार्यो का मूल्यांकन कर देते हैं, यह बात किसी से छुपी नही हैं। ग्रामीणों ने इस ओर कलेक्टर एवं जिपं सीईओ का ध्यान आकृष्ट कराते हुये उक्त मामले की जांच कराने की मांग की है।

निर्माण कार्यो के 50-50 प्रतिशत भुगतान भी

सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार चेकडैम के लिए कुल राशि 15 लाख रूपये सांसद मद से मंजूर हुई थी, जिसमें चर्चा है कि द्वितीय किस्त के लिए मांग पत्र जनपद पंचायत में क्रियान्वयन एजेंसी के द्वारा प्रस्तुत किया गया है, जिसमें पहले 50 प्रतिशत राशि का भुगतान हो चुका है। इसी तरह 15वां वित्त पुलिया निर्माण कार्य के लिए 8 लाख रूपये की प्रशासकीय स्वीकृति थी, जिसमें 50 प्रतिशत भुगतान क्रियान्वयन एजेंसी ने हासिल कर लिया है। शेष बकाया भुगतान के लिए मांग की गई है। हालांकि उक्त मामले में संबंधित अधिकारियों से संपर्क करने का प्रयास किया गया, लेकिन किन्ही कारणों से संपर्क नही हो पाया।

उपयंत्री एवं सहायक यंत्री के कार्यप्रणाली पर सवाल

ग्रामीणों की बात माने तो निर्माण कार्यो में मंजूरी से लेकर मूल्यांकन तक में जमकर कमीशनखोरी होती है और बिना कमीशन के फाईले एक से दूसरे टेबल पर नही जाती। पर सवाल उठता है कि जब गुणवत्ता विहीन कार्य हो रहा था, उस दौरान सहायक यंत्री एवं उपयंत्री क्यों नही परखा और क्या निर्धारित प्राक्कलन के अनुसार कार्य कराया गया था, इसकी भी विधिवत जांच हो। ग्रामीणों ने यहां तक कहा कि यदि आरोप सही है तो सहायक यंत्री एवं उपयंत्री से भी राशि वसूल कर इनके खिलाफ भी कड़ी कार्रवाई हो। ग्रामीणों के अनुसार गुणवत्ता विहीन कार्य का नतीजा है। उपयंत्री फील्ड में आते तो, शायद गुणवत्ता विहीन कार्य न होता।

ट्रेनिंग के नाम राशि वसूलने का आरोप

द सिंगरौली इंस्टीट्यूट ऑफ नर्सिंग का मामला, कलेक्टर से शिकायत

नवभारत न्यूज

सिंगरौली 8 सितम्बर। आज मंगलवार को आयोजित कलेक्टर की जनसुनवाई में द सिंगरौली इंस्टीट्यूट ऑफ नर्सिंग, बैढ़न-बनौली के नर्सिंग छात्र-छात्राएं कॉलेज प्रबंधन के खिलाफ शिकायत लेकर पहुंचे। छात्रों ने प्रबंधन पर लापरवाही एवं विभिन्न अनियमितताओं का आरोप लगाते हुए मामले की निष्पक्ष जांच कराकर उचित कार्रवाई की मांग की। छात्रों का कहना है कि कई बार कॉलेज प्रशासन के समक्ष शिकायत करने के बावजूद समस्याओं का समाधान नहीं किया गया।

छात्र अंकित सिंह पिता राजकुमार कुशवाहा समेत दर्जन भर से ऊपर छात्र-छात्राओं ने कलेक्टर को दिए आवेदन में बताया कि वह कॉलेज में जीएनएम का नियमित छात्र है। शिकायत के अनुसार इंदौर मेंटल हॉस्पिटल में ट्रेनिंग कराने के नाम पर 6 फरवरी 2026 को छात्रों से 16 हजार 500 शुल्क जमा कराया गया था। आरोप है कि शुल्क जमा कराने के बावजूद अब तक छात्रों को मेंटल ट्रेनिंग के लिए इंदौर नहीं ले जाया गया।

जब छात्रों ने जमा राशि वापस मांगी तो प्रबंधन द्वारा राशि वापस नहीं की जा रही है। छात्रों ने कॉलेज द्वारा ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन एवं चॉइस फिलिंग कराए जाने के बावजूद उसकी रसीद उपलब्ध नहीं कराने की शिकायत भी की है। आवेदन में म.प्र. नर्सेस रजिस्ट्रेशन काउंसिल भोपाल द्वारा 27 अप्रैल को जारी सूचना का हवाला देते हुए कहा गया कि अनसुटेबल नर्सिंग शिक्षण संस्था को संबंधित अवधि का शिक्षण एवं अन्य शुल्क वापस करना होता है, लेकिन उन्हें अभी तक शुल्क वापस नहीं किया गया। छात्रों ने कलेक्टर से पूरे मामले की जांच कराकर दोषी प्रबंधन के खिलाफ सख्त कार्रवाई और छात्रों का भविष्य सुरक्षित करने की मांग की है।

एक नजर में

साउथ एशियन ओपन चैंपियनशिप में डॉ. विनोद राय का चयन

सिंगरौली। पीएमसीओई गवर्नमेंट लीड पीजी कॉलेज, बैढ़न के सीनियर स्पोर्ट्स ऑफिसर डॉ. विनोद कुमार राय का साउथ एशियन ओपन चैंपियनशिप 2026 के लिए इंडियन मास्टर्स एथलेटिक टीम में चयन हुआ है। अंतरराष्ट्रीय स्तर की यह प्रतियोगिता 16 से 20 सितंबर तक नेपाल में आयोजित होगी। डॉ. श्री राय भारतीय मास्टर्स एथलेटिक टीम का प्रतिनिधित्व करते हुए प्रतियोगिता में हिस्सा लेंगे।

मासूम बच्चे की मौत के बाद जिला चिकित्सालय में हंगामा

सिंगरौली। जिला चिकित्सालय सह ट्रामा सेंटर बैढ़न में बीती रात एक 3 साल मासूम बच्चे की इलाज के दौरान मौत होने पर परिजनों ने जमकर हंगामा किया । मौके पर भारी संख्या में कोतवाली पुलिस पहुंच स्थिति को संभालते हुए मामले को शांत कराया । जानकारी के अनुसार बैढ़न के परसौना निवासी एक 3 साल का बच्चा बीमार चल रहा था, पिछले चार दिनों से जिला चिकित्सालय में भर्ती कराया गया था कि सोमवार की रात उसकी मौत हो गई । परिजनों का आरोप है कि ओवर डोज इंजेक्शन देने से मौत हुई है, इसी बात को लेकर अस्पताल पेरिस में मृतक बच्चे के परिजन जमकर हंगामा किया। अंतत : पुलिस को हस्तक्षेप करना पड़ा।

किसान ने लगाई मुआवजे की गुहार

सिंगरौली। रिलायंस सासन पावर लिमिटेड के हर्रहवा स्थित ऐश डैम के टूटने से धान की फसल खराब होने का मामला सामने आया है। ग्राम सासन निवासी किसान कृष्णा प्रसाद शाह ने कलेक्टर को आवेदन देकर फसल क्षति का उचित मूल्यांकन कर मुआवजा दिलाने की मांग की है। किसान के अनुसार 13 अगस्त की मध्यरात्रि भारी बारिश के दौरान कंपनी का ऐश डैम टूट गया, जिससे राखयुक्त पानी खेतों में फैल गया और धान की फसल बर्बाद हो गई। किसान ने बताया कि हर्रहवा क्षेत्र में खसरा क्रमांक 1000/1 एवं 990/5 की भूमि पर लगी उसकी धान की फसल को नुकसान पहुंचा है। कृष्णा प्रसाद ने बताया कि इस संबंध में 18 अगस्त को कलेक्टर की जनसुनवाई में भी आवेदन दिया था, लेकिन अब तक मामले में कोई सुनवाई नहीं हुई। किसान ने प्रशासन से मौके पर जांच कराकर फसल क्षति का आंकलन कराने तथा नियमानुसार क्षतिपूर्ति राशि उपलब्ध कराने की मांग की है।

पुश्तैनी जमीन के फर्जी नामांतरण का आरोप

सिंगरौली। लंघाडोल निवासी लालवा साकेत ने आज मंगलवार को कलेक्टर की जनसुनवाई में आवेदन देकर पुश्तैनी जमीन के कथित फर्जी नामांतरण एवं रजिस्ट्री कराए जाने की शिकायत की है। उन्होंने मामले की जांच कर जमीन वापस दिलाने तथा दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की। शिकायतकर्ता के अनुसार लंघाडोल में खसरा क्रमांक 813, 814, 815, 823 एवं 825 की जमीन पर वह अपने पूर्वजों के समय से काबिज होकर खेती करते आ रहे हैं। आरोप है कि बिना किसी सूचना अथवा नोटिस के राजस्व रिकॉर्ड में उक्त जमीन पर रुकसाना खातून पति महमूद खान एवं अनुज कुमार शाह के नाम दर्ज पाए गए। लालवा साकेत ने बताया कि खाद-बीज परमिट के लिए खसरा नकल निकलवाने पर उन्हें जमीन के रिकॉर्ड में बदलाव की जानकारी हुई। उन्होंने हल्का पटवारी, सरपंच एवं अन्य संबंधित लोगों की भूमिका की जांच की मांग की है।

गौशाला में क्षमता से दोगुनी गायें,अतिरिक्त यूनिट की मांग

सिंगरौली। कलेक्ट्रेट भवन में मंगलवार को आयोजित जनसुनवाई में ग्राम पंचायत मलगो के ग्रामीणों एवं धेनु गौशाला समूह के सदस्यों ने गौशाला की क्षमता से अधिक गायें होने की समस्या सामने रखी। ग्रामीणों ने कलेक्टर को आवेदन देकर अतिरिक्त यूनिट-गौशाला निर्माण कराने की मांग की। ग्रामीणों के अनुसार वर्ष 2022-23 में निर्मित धेनु गौशाला की क्षमता करीब 100 गायों की है, जबकि वर्तमान में यहां लगभग 220 गायें रखी गई हैं। ग्रामीणों ने बताया कि अतिरिक्त पशुओं की व्यवस्था के अभाव में गौशाला संचालन करने वाले समूह को भी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है।

जयंत में राम मंदिर चंदे व भूमि खरीद पर संगोष्ठी

कांग्रेस नेता कमलेश्वर पटेल ने उठाए वित्तीय पारदर्शिता पर सवाल

नवभारत न्यूज

सिंगरौली 8 सितम्बर। अयोध्या राम मंदिर निर्माण से जुड़े चंदे, भूमि खरीद और कथित वित्तीय अनियमितताओं के मुद्दे को लेकर जयंत में संगोष्ठी आयोजित की गई।

कार्यक्रम का आयोजन पूर्व महामंत्री म.प्र. कांग्रेस एवं नगर निगम सिंगरौली के पार्षद अखिलेश सिंह ने किया। मुख्य अतिथि कांग्रेस वर्किंग कमेटी सदस्य एवं पूर्व मंत्री कमलेश्वर पटेल रहे। संबोधन में कमलेश्वर पटेल ने राम मंदिर निर्माण के लिए देशभर से जुटाए गए चंदे और भूमि खरीद से जुड़े कथित वित्तीय विवादों पर सवाल उठाते हुए पारदर्शिता की मांग की। उन्होंने कहा कि गरीब, मध्यमवर्गीय परिवारों, व्यापारियों, ठेकेदारों, अधिकारियों और कर्मचारियों ने आस्था के साथ मंदिर निर्माण में योगदान दिया है। उन्होंने आरोप लगाया कि यदि मंदिर निर्माण का राजनीतिक श्रेय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, अमित शाह या आरएसएस लेते हैं तो वित्तीय अनियमितताओं से जुड़े सवालों की जिम्मेदारी भी तय होनी चाहिए। उन्होंने कहा कि भगवान श्रीराम के नाम और जनता की धार्मिक आस्था का राजनीतिक लाभ के लिए इस्तेमाल नहीं किया जाना चाहिए। संगोष्ठी में वक्ताओं ने चंदे, निर्माण कार्य और भूमि खरीद से जुड़े मामलों की निष्पक्ष जांच तथा सार्वजनिक जवाबदेही की मांग की। कार्यक्रम में सोनम सिंह, ज्ञानेंद्र द्विवेदी, केडी सिंह, सोमदेव ब्रह्म, अनिल सिंह, राम शिरोमणि साहा, राम अशोक शर्मा, प्रेम प्रकाश सिसोदिया, अमित द्विवेदी, सूर्या द्विवेदी, सहित अन्य कार्यकर्ता एवं नागरिक मौजूद रहे।

तीर्थयात्रियों के चरण धोकर विधायक ने लिया आशीर्वाद

मॉ कामाख्या धाम की यात्रा पर रवाना हुआ श्रद्धालुओं का जत्था, रेलवे स्टेशन पहुंचकर का किया स्वागत

नवभारत न्यूज

सिंगरौली 8 सितम्बर। मुख्यमंत्री तीर्थ दर्शन योजना के अंतर्गत सिंगरौली से माँ कामाख्या माता के दर्शन के लिए श्रद्धालुओं का जत्था आज मंगलवार को रवाना हुआ।

सिंगरौली विधायक रामनिवास शाह रेलवे स्टेशन पहुंचे और तीर्थयात्रियों से भेंट कर उनका स्वागत एवं सम्मान किया। इस दौरान उन्होंने विधिवत श्रद्धालुओं के चरण धोकर चंदन-तिलक लगाया तथा उनका आशीर्वाद प्राप्त किया। विधायक ने कहा कि तीर्थयात्री उनके लिए केवल यात्री नहीं, बल्कि ईश्वर के स्वरूप हैं। उनके चरणों में सेवा करने और आशीर्वाद प्राप्त करने का अवसर उनके लिए सौभाग्य एवं संतोष का विषय है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री तीर्थ दर्शन योजना प्रदेश के वरिष्ठ नागरिकों एवं श्रद्धालुओं को देश के प्रमुख तीर्थस्थलों के दर्शन कराने वाली महत्वपूर्ण जनकल्याणकारी पहल है। उन्होंने माँ कामाख्या धाम की यात्रा पर जा रहे सभी श्रद्धालुओं को शुभकामनाएं देते हुए उनकी यात्रा सुखद, मंगलमय और सुरक्षित होने की कामना की। उन्होंने प्रार्थना की कि माँ कामाख्या माता की कृपा सभी श्रद्धालुओं पर बनी रहे और उनकी मनोकामनाएं पूर्ण हों। इस अवसर जिले के संगठन प्रभारी विनोद यादव, ननि अध्यक्ष देवेश पांडेय, विपिन सिंह एवं अनिल शाह सहित अन्य जनप्रतिनिधि एवं कार्यकर्ता मौजूद रहे।

नवजात शिशुओं के शत प्रतिशत आधार नामांकन

सिंगरौली 8 सितम्बर (एनबीएन)। कलेक्टर गौरव बैनल के निर्देशानुसार जिले में 0 से 1 वर्ष आयु वर्ग के नवजात शिशुओं का शत-प्रतिशत आधार नामांकन सुनिश्चित करने के लिए विशेष पहल शुरू की गई है। डाक विभाग के सहयोग से जिला चिकित्सालय बैढ़न, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र देवसर, चितरंगी एवं सिविल अस्पताल बरगवां में प्रत्येक मंगलवार एवं बुधवार को आधार पंजीयन एवं अपडेशन की सुविधा उपलब्ध रहेगी। प्रत्येक केंद्र पर डाक विभाग के दो कर्मचारी तैनात रहेंगे।

दिव्यांग बच्चों को मिला स्वस्थ एवं सक्रिय जीवन का संदेश

नवभारत न्यूज

सिंगरौली 8 सितम्बर। जिला मुख्यालय स्थित इंडियन रेडक्रॉस सोसायटी सिंगरौली द्वारा संचालित जिला दिव्यांग पुनर्वास केंद्र बैढ़न में विश्व फिजियोथेरेपी दिवस मनाया गया।

कार्यक्रम रेडक्रॉस चेयरमैन एसडी सिंह के मार्गदर्शन एवं सचिव डॉ. ओपी राय के उपस्थिति में सम्पन्न हुआ। फिजियोथेरेपी सेवाएं प्राप्त कर रहे लगभग 50 दिव्यांग बच्चे एवं उनके अभिभावक कार्यक्रम में विशेष रूप से मौजूद रहे। इंडियन रेडक्रॉस सोसाइटी सिंगरौली चेयरमैन एसडी सिंह ने अपने उद्बोधन में बताया कि फिजियोथेरेपी व्यक्ति को स्वस्थ, सक्रिय एवं आत्मनिर्भर बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है। उन्होंने कहा कि समय पर फिजियोथेरेपी एवं प्रारंभिक हस्तक्षेप से दिव्यांग बच्चों की शारीरिक क्षमता एवं जीवन की गुणवत्ता में बेहतर सुधार संभव है। सीनियर फिजियोथेरेपिस्ट विपिन कुमार रावत ने फिजियोथेरेपी के महत्व पर प्रकाश डाला।

कलेक्टर ने किया अधिकारियों के मध्य कार्य विभाजन

सिंगरौली 8 सितम्बर (एनबीएन)। जिले में प्रशासनिक एवं कार्यालयीन कार्य व्यवस्था को सुचारु एवं प्रभावी बनाए रखने के उद्देश्य से कलेक्टर गौरव बैनल द्वारा अधिकारियों के मध्य कार्यों का विभाजन किया गया है। कार्य विभाजन के तहत डिप्टी कलेक्टर सौरभ मिश्रा को विभिन्न शाखाओं एवं महत्वपूर्ण दायित्वों की जिम्मेदारी सौंपी गई है। डिप्टी कलेक्टर श्री मिश्रा को सीएम हेल्पलाइन, समाधान एक दिवस, राजस्व वसूली, जनसुनवाई, सामान्य सीलिंग भूमि, जनसंपर्क सहित अन्य शाखा से संबंधित दायित्व सौंपे गए हैं।

कार्यकारी निदेशक लीडर ऑफ द ईयर अवार्ड से सम्मानित

नवभारत न्यूज

विंध्यनगर 8 सितम्बर। एनटीपीसी विंध्याचल के कार्यकारी निदेशक किशोर कुमार होता को प्रतिष्ठित पब्लिक सेक्टर एक्सीलेंस लीडर ऑफ द ईयर पुरस्कार से सम्मानित किया गया है। यह सम्मान उन्हें सीईई के चौथे नेशनल पावर-जेनरेशन लीडरशिप अवार्ड्स के अंतर्गत प्रदान किया गया।

यह प्रतिष्ठित पुरस्कार नई दिल्ली में आयोजित नेशनल कॉन्फ्रेंस ऑन फ्लेक्सिबल ऑपरेशंस एंड एनर्जी ट्रांजिशन के साथ आयोजित समारोह में प्रदान किया गया। कार्यकारी निदेशक किशोर कुमार होता को यह सम्मान उनके अनुकरणीय नेतृत्व, उत्कृष्ट योगदान, परिचालन उत्कृष्टता के प्रति प्रतिबद्धता तथा विद्युत क्षेत्र में प्रदर्शन और सतत विकास को गति देने में महत्वपूर्ण भूमिका के लिए प्रदान किया गया है।

लीडर ऑफ द ईयर सम्मान किशोर कुमार होता की उत्कृष्ट नेतृत्व क्षमता और भारतीय विद्युत क्षेत्र के विकास में उनके उल्लेखनीय योगदान का प्रमाण है। इस उपलब्धि पर एनटीपीसी विंध्याचल परिवार ने हर्ष व्यक्त करते हुए श्री होता को बधाई दी हैं।

रिलायंस टाउनशिप में मना श्रीकृष्ण जन्माष्टमी महोत्सव

नवभारत न्यूज

सिंगरौली 8 सितम्बर। रिलायंस टाउनशिप स्थित सासन पावर लिमिटेड में श्रीकृष्ण जन्माष्टमी महोत्सव का आयोजन श्रद्धा एवं हर्षोल्लास के साथ किया गया। कार्यक्रम का आयोजन जितेंद्र प्रसाद की अगुवाई एवं मार्गदर्शन में किया गया।

कार्यक्रम में कर्मचारियों, उनके परिवारों एवं बच्चों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। आयोजन स्थल को आकर्षक फूलों, मटकियों एवं पारंपरिक सजावट से सजाया गया, जिससे पूरा वातावरण कृष्णमय हो गया।

महोत्सव के दौरान मटकी सजावट, मटकी फोड़, महिलाओं एवं पुरुषों की मटकी फोड़ तथा बच्चों की फैंसी ड्रेस प्रतियोगिता सहित विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। बच्चों ने राधा-कृष्ण के मनमोहक रूप में प्रस्तुतियां देकर सभी का मन मोह लिया, वहीं मटकी फोड़ प्रतियोगिता ने कार्यक्रम में रोमांच और उत्साह भर दिया।

चितरबई कला में नदी से अवैध रेत उत्खनन,दो ट्रैक्टर जप्त

पिपरा झापी में अवैध परिवहन करते एक ट्रैक्टर पर कार्रवाई

नवभारत न्यूज

सिंगरौली 8 सितम्बर। जिले में अवैध रेत उत्खनन एवं परिवहन के खिलाफ खनिज विभाग ने कार्रवाई करते हुए तीन ट्रैक्टर जप्त किए हैं। कलेक्टर गौरव बैनल के निर्देश और खनिज अधिकारी आकांक्षा पटेल के मार्गदर्शन में सहायक खनि अधिकारी रामसुशील चौरसिया ने यह कार्रवाई की।

जानकारी के अनुसार खनिज विभाग की टीम ने चितरबई कला क्षेत्र में नदी से अवैध रूप से रेत का उत्खनन करते पाए गए दो ट्रैक्टरों को जप्त किया। वहीं पिपरा झापी क्षेत्र में अवैध रेत परिवहन में संलिप्त एक ट्रैक्टर को पकड़ा गया। जप्त किए गए तीनों वाहनों को सुरक्षार्थ पुलिस चौकी खुटार में खड़ा कराया गया है। खनिज विभाग द्वारा जप्त वाहनों के विरुद्ध खनिज नियमों के तहत प्रकरण तैयार कर अग्रिम कार्रवाई की जाएगी। विभाग की इस कार्रवाई से अवैध रेत उत्खनन एवं परिवहन में संलिप्त लोगों में हड़कंप की स्थिति बनी हुई है।

डायग्नोस्टिक सेंटर के संचालक पर एफआईआर दर्ज

सिंगरौली 8 सितम्बर (एनबीएन)। देवसर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र परिसर स्थित चिकित्सक आवास से संचालित किए जा रहे साईं डायग्नोस्टिक सेंटर के खिलाफ जिला प्रशासन ने सख्त कार्रवाई की है। प्रशासन के निर्देश पर पुलिस ने सेंटर संचालक रामलोटन बैस के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज कर ली है।जानकारी के अनुसार देवसर एसडीएम ने साईं डायग्नोस्टिक सेंटर का औचक निरीक्षण किया था। जहां शासकीय परिसर में इस तरह सेंटर संचालित किए जाने को गंभीरता से लेते हुए प्रशासन ने तत्काल सेंटर को सील कर दिया।

मॉडल रोड का निर्माण कार्य सर्वोच्च प्राथमिकता से पूरा कराएं : सविता

ननि आयुक्त ने अधिकारियों को दिए सख्त निर्देश,कार्य में लापरवाही पर तय होगी जवाबदेही

नवभारत न्यूज

सिंगरौली 8 सितम्बर। शहर में सुगम एवं सुरक्षित आवागमन सुनिश्चित करने के लिए ननि आयुक्त सविता प्रधान ने मॉडल रोड के निर्माण कार्य की समीक्षा करते हुए अधिकारियों को सख्त निर्देश दिए कि मॉडल रोड का बंद निर्माण कार्य तत्काल पुनः प्रारंभ कराकर सर्वोच्च प्राथमिकता के साथ निर्धारित समय-सीमा में पूर्ण कराएं।

ननि आयुक्त ने स्पष्ट किया कि निर्माण कार्य में अनावश्यक विलंब या लापरवाही किसी भी स्थिति में स्वीकार नहीं की जाएगी। साथ ही संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि मॉडल रोड के निर्माण एवं मरम्मत कार्य की नियमित निगरानी की जाए। उन्होंने गुणवत्ता से किसी भी प्रकार का समझौता नहीं करने तथा निर्धारित मापदंडों के अनुरूप ही निर्माण सामग्री का उपयोग सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। कार्य में लापरवाही पाए जाने पर संबंधित की जवाबदेही तय करने के निर्देश भी दिए गए।

उन्होंने बारिश के कारण क्षतिग्रस्त सड़कों का तत्काल सर्वे कराकर मरम्मत एवं पैचवर्क प्रारंभ करने तथा नागरिकों के आवागमन में बाधा उत्पन्न करने वाले स्थानों पर प्राथमिकता से कार्य कराने एवं मॉडल रोड के साथ आवश्यक स्थानों पर पौधारोपण कराने के भी निर्देशित किया।